हमीदिया गर्ल्स की तीनों इकाईयों ने एड्स के प्रति किया जागरूक

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय अल्पसंख्यक हमीदिया गर्ल्स डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों 041, 042, 043 द्वारा बुधवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। विश्व एड्स दिवस की थीम इंड इनक्वालिटीज को, इड एड्स, इंड पेनडेमिक, को ध्यान में रखते हुए स्वयं सेविकाओं ने रेड रिबन लगाकर लोगों में जागरूकता फैलाई।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ० इरम फरीद उस्मानी ने एचआईवी वायरस के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शरमीन फातमा ने स्वयं सेविकाओं को जागरूक करते हुए कहा कि समाज में जागरूकता फैलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। जब तक हम गंभीरता से चिंतन नहीं करेंगे और अपने दायित्व को महसूस नहीं करेंगे तब तक हम एचआईवी से मुक्ति नहीं पा सकते। एचआईवी आगे न फैले इसके लिए हमें सतर्क होना जरूरी है। समाजशास्त्र विभाग की गेस्ट फैकेल्टी गुलाफ्शा ने एचआईवी के फैलने के कारणों को बताया। समाजशास्त्र विभाग की गेस्ट फैकेल्टी हुस्ना बानो ने विश्व एड्स दिवस मनाए जाने के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर 86 स्वयं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। एमए समाजशास्त्र की छात्र सबा परवीन ने भी नागरिक दायित्व को साझा किया।